उत्तर प्रदेश शासन

वित्त(सेवायें) अनुभाग-2

संख्या-39/2023/एस-2-।/341901/दस-2023-25/2021पार्ट-।

लखनऊ :: दिनाँक:: 30 जून, 2023

<u>कार्यालय-आदेश</u>

श्री राज्यपाल, उ0प्र0 वित्त एवं लेखा सेवा समूह-'क' उच्च वेतनमान, वेतनबैण्ड-4, रू0 37,400-67,000, (ग्रेड वेतन रू0 8900) पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेविल-13क में मौलिक रूप से नियुक्त डा0 अमर सिंह, वित्त नियंत्रक, समाज कल्याण निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ को विभागीय चयन समिति की संस्तुति पर, सम्यक विचारोपरान्त कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अतिकाल वेतनमान, वेतनबैण्ड-4,रू0 37,400-67,000, (ग्रेड वेतन रू0 10,000) पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स लेविल-14 में पदोन्नत करने एवं उनके वर्तमान पद/स्थान पर कार्यभार ग्रहण किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त पदोन्नति के आदेश मा0 न्यायालयों/मा0 अधिकरणों के समक्ष प्रचलित रिट याचिकाओं/निर्देश याचिकाओं में पारित होने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन होंगे।

3- उक्त नवपदोन्नत अधिकारी पदोन्नति के पद का कार्यभार तत्काल ग्रहण कर कार्यभार प्रमाणक शासन एवं निदेशक कोषागार, उ0प्र0 लखनऊ को उपलब्ध करायेंगे। इनकी तैनाती के आदेश पृथक से निर्गत किए जायेंगे।

4- उक्त आदेश दिनाँक 01.07.2023 से प्रभावी माना जायेगा।

दीपक कुमार

अपर मुख्य सचिव।

<u>संख्या-30/2023/एस-2-।/341901(1)/दस-2023, तददिनाँक।</u>

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 प्रयागराज।
2- अपर मुख्य सचिव, समाज कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- निदेशक, समाज कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ।
4- निदेशक, कोषागार निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
5- अपर निदेशक, कोषागार निदेशालय,शिविर कार्यालय, उ0प्र0 प्रयागराज।
6- मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन लखनऊ।
7- संबंधित अधिकारी।
8- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजवीर सिंह)

अनु सचिव।

1-यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है।

2-इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है।